## शिव बारात में शिव तांडव और काली तांडव रहा मुख्य आकर्षण

# पहाड़ी मंदिर से निकली शिव बारात में दिखी जीवंत और मनमोहक झांकियां

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर रांची की ओर से शनिवार को शिवरात्रि के मौके पर शिव बारात निकाली गयी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शिव पार्वती की आरती के बाद पहाड़ी मंदिर मुख्यद्वार से शिव बारात को विदा किया। बारात यहां से निकलकर गाड़ीखाना चौक, अपर बाजार, जेजे रोड, शहीद चौक, फिरायालाल चौक से होते हुए महावीर चौक, रातू रोड होते हुए श्री विश्वनाथ शिव मंदिर पिस्कामोड़ पहुंची, जहां शिव-पार्वती जी का पूरे सनातनी विधि विधान से विवाह कराया गया। इस दौरान पहाड़ी मंदिर से जीवंत झाकियां निकाली गयी। इसमें शिव-पार्वती जी, राधा-कृष्ण जी का स्वरूप एवं भूत-पिशाच भी शामिल थे। शिव बारात की झांकी में भगवान शिव तांडव एवं बजरंग बली के करतब तथा काली तांडव मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। ढोल, नगाड़े, ताशे एवं गाजेबाजे के साथ पहाड़ी बाबा की बारात ने शहरवासियों का मन मोह लिया।





## हर हर महादेव से गूंजे शहर के शिवालय



पहाड़ी मंदिर, सर्वेश्वर महादेव मंदिर, शिव बारात आयोजन समिति हेसल, देवी मंडप रोड और सुरेश्वर धाम चुटिया, श्री विश्वनाथ शिव मंदिर पिस्कामोड़ और शाहदेव नगर शिव मंदिर समेत राजधानी के विभिन्न शिवालयों में महाशिवरात्रि के मौके पर आस्था का जन सैलाब उमड़ा। सुबह से ही शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी थी। भगवान भोलेनाथ के जयकारों और हर-हर महादेव के नारों के बीच हजारों शिव भक्तों ने शिवलिंग पर जलार्पण किया। महाशिवरात्रि के मौके पर उमड़ी भक्तों की भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन और प्रशासन ने पूरी तैयारी कर रखी थी। शिव बारात में अध्यक्ष राजेश साहू, प्रवक्ता बादल सिंह भोलू सिंह, शिव किशोर शर्मा, संजय कुमार, संजय सिंह लल्लू, पिया बर्मन सहित महासमिति के सभी पदाधिकारियों ने भूमिका निभाई।








सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
G20

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"


## आकर्षक व जीवंत झाकियों के साथ निकली शिव बारात



**रांची।** श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर शिव बारात आयोजन समिति हेसल देवी मंडप रोड रांची के तत्वावधान में धूमधाम से शिव बारात निकाली गयी। मंदिर के संस्थापक शैलेश्वर दयाल सिंह ने शिव बरात में सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया। शिव बारात में जीवंत जीवंत झांकी प्रस्तुत किए गए। समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह, सचिव शैलेंद्र सिंह का झांकी निकालने में महत्वपूर्ण सहयोग रहा। बारात स्वागत में विक्की यादव, राहुल यादव व रोहित यादव व उनके पूरे टीम का योगदान रहा। इसे सफल बनाने में नीरज कुमार, विनोद साहू, शिव किशोर शर्मा, राजीव प्रवीण सिंह, अविनाश मिश्रा, भगवान सिंह, दिनेश गुप्ता, सुनील कुमार, अनिता कुमारी, पूनम कुमारी, रविंद्र सरियार, अर्चना देवी, रागिनी देवी ने भूमिका निभाई।

## चुटिया के सुरेश्वर महादेव मंदिर स्थित झारखंड के सबसे उंचे 108 फीट शिवलिंग की हुई पूजा

**रांची।** सुरेश्वर महादेव मंदिर चुटिया में देश का दूसरा और झारखंड का सबसे ऊंचा 108 फीट ऊंचा शिवलिंग है। यहां धूमधाम से पहली बार शिव बारात निकाली गई। महाआरती में लगभग 50 हजार से अधिक भक्त शामिल हुए। महाआरती में वित्त सह खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पद्मश्री मुकुन्द नायक, आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता भी मौजूद थे। सुरेश्वर महादेव मंदिर के अध्यक्ष सुरेश साहू के नेतृत्व में महाआरती के उपरांत भगवान शिव की बारात निकाली गई। शिव बारात सुरेश्वर महादेव मंदिर से निकलकर चुटिया के प्राचीन राम मंदिर पहुंची। राम मंदिर में देर रात शिव पार्वती की शादी हुई और पूरे जयकारे के साथ भक्तों ने विदा लिया। आयोजन को सफल बनाने में संतोष कुमार, आलोक बंटी, अभिजीत कुमार, संजय कुमार, रंजीत कुमार, आशीष कुमार, राकेश कुमार, रीतिक राज, मेंहुल दूबे सहयोग कर रहे थे।



## 11 नवदंपत्ति एक दूजे के अटूट बंधन में बंधे



**रांची।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर विश्व हिंदू परिषद झारखंड के सेवा विभाग एवं रांची महानगर के अध्यक्ष की उपस्थिति में और उनके सहयोग से रांची लायंस क्लब ऑफ रांची समर्पण शाखा मोराबादी की ओर से 11 कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। रांची कृषि पदाधिकारी विकास कुमार ने अपनी पत्नी आरती झा के साथ 11 कन्याओं का विवाह कराने का पुनीत संकल्प लिया जो नगर वासियों की उपस्थिति में सेवासदन पथ स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में साकार हुआ।

मौके पर लायंस क्लब ऑफ रांची के सिद्धार्थ मजूमदार उनकी पत्नी शुभ्रा मजूमदार, विनोद गढ़यान, राजेश मोर, राजेश चौधरी, विश्व हिंदू परिषद के रांची महानगर के अध्यक्ष कैलाश केसरी, राजेन्द्र प्रसाद सिंह मुंडा, कल्पना मुंडा, दीपक महतो, बबीता ने आशीर्वाद दिया।

## अग्रवाल यूथ सभा ने किया भोग वितरण



**रांची।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर अग्रवाल युवा सभा, राँची द्वारा शनिवार को चुरूवाला चौक के समीप शिव भक्तों के बीच खिचड़ी का वितरण किया गया। वितरण से पूर्व भगवान शिव को खिचड़ी का महाभोग लगाकर सदस्यों ने उनकी आराधना की व आशीर्वाद प्राप्त किया। सभा के अध्यक्ष सौरव बजाज ने इस कार्यक्रम के सहयोगकर्ता रवि शंकर अग्रवाल एवं सविता अग्रवाल द्वारा अपने पूज्य दादाजी और दादीजी स्वर्गीय कुंदन लाल अग्रवाल किरण कांता देवी की पुण्य स्मृति में दिए गए सहयोग के लिए उन्हें संस्था की ओर से धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम के संयोजक विवेक टिब्रेवाल, विवेक लोहिया एवं अंकित बजाज ने वहाँ पधारे सभी सदस्यों का भी आभार प्रकट किया।

## शिवमयी हुआ पहाड़ी मंदिर



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** महाशिवरात्रि के मौके पर शनिवार को पहाड़ी मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। मंदिर के पट खुलते ही भगवान शिव की पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं में पहले पूजा करने के लिए होड़ लग गयी। पहाड़ी मंदिर प्रबंधन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बेहतर प्रबंध किये गये थे। अरघा सिस्टम के माध्यम भक्त भगवान भोलेनाथ पर जल अर्पित कर रहे थे। वहीं भक्तों की अत्यधिक भीड़ होने के कारण जलाभिषेक करने के लिए लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा था। मंदिर परिसर में 22 सीसीटीवी कैमरे भी लगाये गये थे। भीड़ को देखते हुए पहाड़ी मंदिर परिसर के आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर मंदिर परिसर और आसपास में महिला पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी। वहीं सुखदेव नगर थाना और पुलिस के वरिष्ठ पदाधिकारी सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी नजर बनाये हुए थे।

### स्वास्थ्यकर्मियों को भी किया गया था तैनात

महाशिवरात्रि के मौके पर मंदिर में हजारों की संख्या में होनेवाली श्रद्धालुओं की भीड़ में कई बार भक्तों की तबीयत अचानक बिगड़ जाती है। इसी को देखते हुए मंदिर परिसर के बाहर स्वास्थ्य कर्मचारियों की भी तैनाती की गई है। जिससे अगर किसी भी भक्त की तबीयत खराब हो तो उन्हें तत्काल प्रभाव से मेडिकल परामर्श के साथ स्वास्थ्य सुविधा दी जा सके।

## हर हर महादेव के जयकारों से श्री कृष्ण नगर कॉलोनी भक्तिमय

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री राधा कृष्ण मंदिर, कृष्णा नगर कॉलोनी में शनिवार को महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया गया। शाम 7:00 बजे से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ चार पहर की पूजा की गई। इस दौरान विशेष भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोहर लाल जसूजा, अरुण जसूजा, चंद्रभान तलेजा, केसर पपनेजा, रामचंद्र तलेजा, नंदकिशोर अरोड़ा, हरीश अरोड़ा, किशोरी किंगर, किशोरी पपनेजा, गौरीशंकर मादनपोत्रा, हरीश मनूजा, प्रवीण घई, विशाल अरोड़ा, कमल घई, नरेश खत्री, हरीश नागपाल, नरेश अरोड़ा, मुकेश तलेजा, जिमी अरोड़ा विजय जसूजा, विनीत अरोड़ा, पंकज मक्कड़, पवन मनूजा, सुनील कटारिया, अनिल मुंजाल,मुकेश सिडाना, निखिल घई, विकास घई, गगन अरोड़ा, उमंग मनूजा, रोहित तलेजा, विशाल अरोड़ा, रौनक मिड्ढा, कौशल्या, पूनम तलेजा लाजवंती किंगर, राज देवी मनुजा, शकुंतला देवी, मुंजाल, ज्योति अरोड़ा, नीलम अरोड़ा, राधा तलेजा, बबीता पपनेजा, शशि किंगर, पूजा जसूजा थे।



## महादेव बिना आदिवासी समाज अधूरा : बबलू



**रांची।** केन्द्रीय सरना समिति और चडरी सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने शिव बरातियों को अंग-वस्त्र प्रदान कर और पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। बबलू मुंडा ने कहा कि देवाधिदेव महादेव के बिना आदिवासी समाज अधूरा है। बबलू मुंडा ने राज्य की सुख समृद्धि और कल्याण की कामना की। मौके पर सुरेंद्र लिंडा, कुमोद कुमार वर्मा, सबलू मुंडा, कृष्णकांत टोप्पो, राजेश मुंडा, राहुल मुंडा, विक्की मुंडा, मुन्ना लकड़ा, मृणाल सिन्हा, गुड्डू पहान, चिकू लिंडा, सबलू खान, उदय मुंडा, विक्की मुंडा आदि उपस्थित थे।

## रांची डोरंडा की मधुश्री बनी आदिवासियों के लिए प्रेरणा की स्रोत

# महुआ से शराब नहीं, अब बन रहा आचार और सेनिटाइजर

### संगीत नाटक अकादमी अवार्ड से सम्मानित है मधुश्री

कुबेर सिंह

**रांची।** ग्रामीण इलाके में महुआ से बनी शराब सेहत के साथ ही घरेलू हिंसा का भी कारण बनती है लेकिन, अब कई आदिवासी घरों में शराब की जगह किस्म-किस्म के महुआ के आचार की खुशबू है। रांची, सरायकेला और पूर्वी सिंहभूम जिले समेत बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में शराब पीने वालों की संख्या कम हुई है। गांवों में शराब का विरोध करनेवाली समितियों का गठन हुआ है। इस बदलाव के पीछे मोरोमिया नाम के ट्रस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस ट्रस्ट की संचालिका डोरंडा निवासी मधुश्री हतियाल है। ट्रस्ट के सदस्यों ने क्षेत्रों में जाकर यहां के आदिवासियों के बारे में बताने के साथ-साथ उनके द्वारा विकसित आयुर्वेद को भी पुनः जीवित करने की मुहिम छेड़ी है।



### कई गांवों को कर रही है जागरूक

टीम के सदस्य न सिर्फ अचार बनाना सीखा रहे हैं, बल्कि महुआ से सेनिटाइजर बनाने का भी विधि बता रहे हैं। मधुश्री जिले के कुमारडुब्बी, जगन्नाथपुर, महुली, रामचंद्रपुर समेत कई अन्य जगहों पर ग्रामीण महिलाओं और पुरूषों से बने उत्पादों के बारे में बता रही है। साथ ही साथ इससे कमाई के स्त्रोत के बारे में भी जानकारी दे रही है। मधुश्री का कहना है कि सरकार यदि प्राकृतिक तौर पर बने उत्पादों को आश्रय दें तो बेशक ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।

**आदिवासी सीख रहे हैं महुआ से आचार बनाने का फार्मूला** : मोरोमिया ट्रस्ट की संस्थापक मधुश्री हटियाल टीम के साथ गांव-गांव जाकर महुआ से आचार और सेनिटाइजर बनाने का तरीका सीखा रही हैं। मिटटी के बर्तन में बने खटटे-मीठे महुआ के आचार को साल के पत्ते से ढंकने के साथ बेचने का भी तरीका बताया जा रहा है। महिलाओं को उनकी रसोई में उपलब्ध मसाले के साथ गुड़, आम और आंवला के इस्तेमाल से अलग-अलग तरह के स्वाद में आचार बनाने को भी सिखाया जा रहा हैकाफी मुश्किल भरा था।

**कौन है मधुश्री हतियाल** : आदिवासियों में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने का बीड़ा उठानेवाली मधुश्री हतियाल रांची के डोरंडा की है। ग्रामीण महिलाओं को महुआ से आचार बनाना सीखा रही है। मधुश्री हतियाल का बचपन पूर्वी सिंहभूम में बीता। वहां वे अपने पिता को जनजातीय स्कूल में आदिवासी बच्चों को पढ़ाते हुए देखती थी तब से उसके मन में आदिवासियों के लिए कुछ करने की तमन्ना जागी। संगीत नाटक अकादमी अवार्ड से सम्मानित मधुश्री ने चार वर्ष पहले आठ लोगों को जोड़कर मोरोमिया ट्रस्ट का गठन का समाजसेवा शुरू की।



## सांसद खेल महोत्सव का समापन आज, गवर्नर होंगे मुख्य अतिथि

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** खेलगांव, होटवार में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को कबड्डी, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, तीरंदाजी और योगासन की खेल प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता के तीसरे दिन रविवार को सांसद खेल महोत्सव का समापन होगा। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन होंगे।

प्रतियोगिता में गर्ल्स एथलेटिक्स (100 मीटर दौड़) में पहला स्थान आरती कुमारी को मिला। दूसरे स्थान पर उर्मिला कुमारी और तीसरे पर सरिता कुमारी रही। 400 मीटर गर्ल्स में पहला स्थान प्रियंका को, दूसरा वर्षा कुमारी और तीसरा आरती कुमारी को मिला। 600मीटर गर्ल्स में किरणती कुमारी पहले स्थान पर, दूसरे पर दिव्यानी लिंडा और तीसरे पर प्रियंका कुमारी रही। एथलीट एक सौ मीटर बॉयज में अरुण कुमार पहले, विक्की लोहरा दूसरे और मोहम्मद जैनुल तीसरे स्थान पर रहे। 400 मीटर बॉयज में रवि गणेश कुमार पहले, अभिषेक टोप्पो दूसरे और प्रदीप कुमार तीसरे स्थान पर रहे। 600 मीटर ब्वॉयज में पहला स्थान प्रेम कुमार महतो को, दूसरा अमन कुमार महतो और तीसरा स्थान विश्वजीत महतो को मिला।

लॉन्ग जंप (सब जूनियर बॉयज) में पहला स्थान विकास टोप्पो, दिनेश वोकटो को दूसरा और तीसरा शुभम कुमार को मिला। सब जूनियर गर्ल लॉन्ग जंप में कोमल तिर्की पहले स्थान पर रही। पूर्णिमा मुंडा दूसरे और ऋतु लकड़ा तीसरे स्थान पर रही। 800 मीटर सीनियर बॉयज में प्रदीप कुमार पहले स्थान पर रहे। रंजीत कुमार दूसरे और विक्रांत कुमार महतो को तीसरा स्थान मिला। आज के सभी विजेताओं को सांसद संजय सेठ, विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व सांसद अजय मारू और अन्य ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



# खनन क्षेत्रों को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है सरकार : अबू बकर

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** झारखंड राज्य के खान सचिव अबू बकर ने कहा कि झारखंड कोयला, लौह अयस्क, तांबा अयस्क, अभ्रक और कोबाल्ट का प्रमुख उत्पादक है। खनन में बढ़ते मशीनीकरण, कच्चे माल की उपलब्धता और प्रतिस्पर्धी मूल्य वाले श्रम लागत के कारण झारखंड विश्व स्तर पर निवेशकों को आकर्षित करता रहा है। आज भी हम देश में ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने के लिए, जीवाश्म ईंधन यानी खनन उद्योगों पर ही निर्भर है। पिछले साल ग्लासगो में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिज्ञा को बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत 2070 तक अपने कार्बन उत्सर्जन को शुद्ध शून्य तक सीमित कर देगा। खान सचिव शनिवार को नवीनतम तकनीक का खनन उद्योग पर प्रभाव विषय के तहत रांची स्थित होटल रेडिशन ब्लू में इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा पांचवां माइनिंग कॉनक्लेव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस कॉनक्लेव में झारखंड राज्य के प्रमुख खनन कंपनियों से आये कई विशेषज्ञों ने भाग लिया। अबू बकर ने कहा कि राज्य सरकार खनन क्षेत्रों को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है, जिससे कोल खनन तथा अन्य खनन क्षेत्रों पर भी बेहतर प्रभाव पड़ेगा। साथ ही झारखंड सरकार आजीविका संक्रमण सुनिश्चित करने के लिए जिलेवार विस्तृत योजना पर काम कर रही है। वहीं, कार्यक्रम में मौजूद सेल (सीईटी) के निदेशक जगदीश अरोड़ा ने खनन उद्योगों पर प्रकाश डालते हुए ग्रीन हाइड्रोजन, ग्रे हाइड्रोजन, ब्लैक हाइड्रोजन के अंतर को समझाया तथा भविष्य में खनन उद्योग पर ग्रीन हाइड्रोजन के प्रभाव पर चर्चा की और इसके फायदे के बारे में बताया।

## डॉ अमृतांशु प्रसाद ने खनन उद्योगों पर तकनीकों के बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डाला

कार्यक्रम में इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स, झारखंड चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. अमृतांशु प्रसाद ने खनन उद्योगों पर तकनीकों के बढ़ते प्रभाव के बारे में बताया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि इसकी मदद से खनन कंपनियों को अधिक आसानी से खनिजों का पता लगाने में कैसे मदद की जाती है। डॉ. प्रसाद ने अपने उद्घाटन भाषण के दौरान माइनिंग ससटेनेबिलिटी यानी सतत विकास पर भी चर्चा की। कॉनक्लेव के तकनीकी सत्र की अध्यक्षता करते हुए स्टील अथॉरिटी के इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी केंद्र के कार्यकारी निदेशक जगदीश अरोड़ा ने खनन क्षेत्रों में तकनीक के प्रभावों पर अपनी राय रखी। इसमें चर्चा करते हुए इंडियन ब्यूरो ऑफ माइंस के क्षेत्रीय खान नियंत्रक सलील संदीप कुजूर, हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के एडवाइजर टीके मुखर्जी, महाप्रबंधक श्याम सुंदर सेठी, एमएमडी के निदेशक शुभाजीत चौधरी, फेयरमाइन समूह के निदेशक राजीव कुमार सिंह तथा बीआइटी मेसरा के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुकल्याण चक्रवर्ती ने संबंधित विषय पर विस्तृत रूप से अपना विचार रखा।

## मानव मस्तिष्क की विकृति, समाज के लिए बनी समस्या : चन्द्रदेव

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र चौधरी बगान, हरमू रोड, रांची द्वारा महाशिवरात्रि का पर्व दीप प्रज्वलन कर मनाया गया। इस अवसर आयोजित समारोह में बोलते हुए अभियंता चन्द्रदेव सिंह ने कहा मानव मस्तिष्क की विकृति से समाज के लिए समस्याएँ खड़ी हुई है और राजयोग द्वारा उसके शुद्धिकरण करने से ही वे दूर होंगी। आज सभी की इच्छा विकृतियों को नष्ट करके सुन्दर समाज निर्मित करने की है जब बुराईयों की वृद्धि व धर्म की अवहेलना होने लगती है तब सृष्टि का संतुलन संभालने के लिए ईश्वरीय शक्ति सक्रिय होती है। यही ईश्वरीय शक्ति ईश्वरीय विश्व विद्यालय के माध्यम से युग परिवर्तन का दिव्य कर्तव्य अभी कर रही है जिसका यादगार पर्व शिवरात्रि है। आत्म विस्मृति से पुनः आत्म स्मृति में मानवों को लाना ही शिव द्वारा उद्घोषित क्रांति का लक्ष्य है व इसमें ही मानव की सर्व समस्याओं का समाधान है।

## खबर एक नजर में

### गायत्री साधकों ने महाशिवरात्रि में पूजा और यज्ञ अनुष्ठान किया



**रांची।** महाशिवरात्रि के मौके पर शनिवार को शान्तिकुञ्ज मुख्यालय के साथ-साथ अखिल विश्व गायत्री परिवार के राष्ट्रीय प्रांतीय व स्थानीय, शक्तिपीठों, मंडलों व कल्याण पीठ समेत अनेक इकाइयों में विधिवत पूजा अर्चना की गयी। इस मौके पर आचार्य अरुण कुमार, आचार्य ज्ञान प्रकाश एवं उनकी धर्मपत्नी तथा सहायक ब्रम्हचारी शिष्य बालक गणों ने सहयोग किया। स्वामी महर्षि दयानन्द जी के जीवन वृतांत पर भी चर्चा हुई। प्रवचन संदेश व चर्चा में शिव का अर्थ शुभ, भला और शंकर का अर्थ कल्याण करने वाला बताया गया। शुभ और कल्याणकारी चिंतन-मनन, चरित्र चित्रण में आचरण, अनुसरण अनुपालन करना ही शिव आराधना और शिव सानिध्य का लाभ है। जो आध्यात्मिक साधकों के लिए आदर्श सूत्र है।

### सर्ड कैंपस में 27 को होगा यज्ञ को लेकर भूमिपूजन



**रांची।** नौ दिवसीय श्री श्री शतचण्डी महायज्ञ को लेकर महाशिवरात्रि के दिन शनिवार को आयोजन समिति द्वारा यज्ञ स्थल पर झंडा पूजन किया गया। समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह व कार्यकारी अध्यक्ष कुमुद झा की देखरेख में पूर्वा? 11 बजे पूजा शुरू हुई। पूजा में श्रद्धालु कमेटी के सभी सदस्यों ने जयघोष के साथ बजरंगबली का पताका लगाया और महायज्ञ को सफल बनाने का संकल्प लिया। मालूम हो कि महायज्ञ का आयोजन चैत्र नवरात्र 22 मार्च से शुरू होगा। समापन 31 मार्च को पूणाहुति के साथ किया जायेगा। कार्यक्रम के तहत झंडागड़ी स्थल ओटीसी ग्राउंड के पास सर्ड कैंपस में 27 फरवरी को भूमिपूजन किया जायेगा। अध्यक्ष ने उक्त तिथि को सभी श्रद्धालुओं से पूजन कार्य में सपरिवार आने की अपील की है। चैत्र नवरात्र के पहले दिन कलश यात्रा निकाली जायेगी। कार्यक्रम के तहत बनारस के विद्वान पंडितों द्वारा सुबह आठ बजे से पूजा शुरू होगी। दोपहर तीन बजे से प्रसिद्ध कथावाचक पूज्य मनुश्री महाराज देवी भागवत कथा का वाचन करेंगे। कथा शाम सात बजे तक होगी। पूजा के अवसर पर काफी श्रद्धालु मौजूद थे। महायज्ञ संबंधी विशेष जानकारी के लिए यज्ञस्थल कार्यालय व 9113751389, 98353 53862 नंबरों पर सम्पर्क करने की अपील है।

### डीएसपी पर दाग है या बेदाग, रिपोर्ट दीजिए, तभी मिलेगा आईपीएस में प्रमोशन !

**रांची।** वर्दी ही वर्दी का कैरेक्टर सर्टिफिकेट मांग रही है। झारखंड पुलिस के सीनियर डीएसपी को आईपीएस रैंक में प्रोन्नति मामले में पुलिस मुख्यालय में कैरेक्टर की जानकारी मांगी है। इसको लेकर पुलिस मुख्यालय के द्वारा सभी जिले के एसपी को पत्र लिखा गया है। पत्र में लिखा गया है कि आईपीएस रैंक में प्रोन्नति पाने वाले 42 डीएसपी के खिलाफ लंबित आरोप, प्राथमिकी, कोर्ट केस से संबंधित विवरण उपलब्ध कराया जाये।

**इन 42 डीएसपी के बारे में मांगी गई जानकारी :** पुलिस मुख्यालय के द्वारा जींद डीएसपी के बारे में जानकारी मांगी गई है उनमें सरोजिनी लकड़ा, एमेल्डा एक्का, सादिक अनवर रिजवी, अरविंद कुमार सिंह, विकास कुमार पांडे, विजय आशीष कुजुर, शत्रुघ्न रजक, दीपक कुमार शर्मा, राज कुमार मेहता, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, अनुदीप सिंह पूज्य प्रकाश दीपक कुमार, सहदेव साव, मजरूल होदा, अमित कुमार सिंह ,अजीत कुमार, राजेश कुमार ,मुकेश कुमार, दीपक कुमार पांडे ,अनिमेष नैथानी, अजय कुमार 1, आरिफ इकराम, विमल कुमार ,अविनाश कुमार ,मनीष टोप्पो, कैलाश करमाली, पितांबर सिंह खेरवार, रोशन गुड़िया, श्री राम समद, निशा मुर्मू, सुजीत कुमार, वीरेंद्र कुमार चौधरी ,राहुल देव बड़ाईक, क्रिस्टोफर केरकेट्टा, प्रभात रंजन बरबार,अनूप कुमार बड़ाईक, समीर कुमार तिर्की, हरिलाल रवि, वचनदेव कुजुर, और रजत मनी बाखला शामिल है।

### महाशिवरात्रि महोत्सव पर प्रणामी ट्रस्ट का अन्नपूर्णा भंडारा आयोजित



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वावधान में महाशिवरात्रि के अवसर पर शनिवार को पुंदाग स्थित निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर में 73वाँ श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर भगवान शिव पार्वती मैया के विवाह के उपलक्ष्य में धाम में एकत्रित 1500 श्रद्धालुओं के बीच अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण किया गया। अन्नपूर्णा भंडारे के रुप में श्रद्धालुओं ने पूरी, सब्जी, खीर, पुलाव का भोग लगा प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं के माथे पर टीका चंदन कर भोलेनाथ को भोग लगाया गया। संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि उपस्थित लोगों में संस्था के सह संरक्षक बसंत कुमार गौतम अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी, शिव भगवान अग्रवाल,ओमप्रकाश सरावगी, विशाल जालान, रमेन्द्र पाण्डेय, आलोक सिंह, धीरज कुमार गुप्ता, सुकरा उरॉव एवं अन्य मेंबर्स शामिल थे।

### साइंस कॉलेज पटना के 1970-72 बैच के स्नातकों का सम्मेलन आज

**रांची ।** रविवार को पटना में साइंस कॉलेज पटना के 1970-72 बैच के स्नातकों का स्वर्ण जयंती सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन में उस बैच के सभी विज्ञान संकाय के छात्रों में से 50 पूर्व छात्रों पूरे देश से शिरकत कर रहें हैं। यह सूचना स्वर्ण जयंती सम्मेलन के स्मन्वयक पूर्व छात्र नंद गोयल ओझा ने दी ।

# अब रांची विवि लेगी संत जेवियर्स, मारवाड़ी और रांची महिला कॉलेज की परीक्षाएं

## तीनों डिम्ड विवि का ऑटोनॉमस खत्म, रांची विवि ने भेजा नोटिस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ऑटोनोमस खत्म होने के बाद राजधानी के संत जेवियर्स कॉलेज, मारवाड़ी कॉलेज और रांची महिला कॉलेज को रांची विश्वविद्यालय ने तीनों कॉलेजों को नोटिस भेजा है। अब इन कॉलेजों में परीक्षा का संचालन रांची विश्वविद्यालय करेगा। यह जानकारी रांची विश्वविद्यालय की पीआरओ डॉ. स्मृति सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि संत जेवियर्स कॉलेज का ऑटोनोमस 2022 में समाप्त हुआ है। रांची महिला कॉलेज का ऑटोनोमस 2022 में समाप्त हुआ है और मारवाड़ी कॉलेज का ऑटोनोमस 2021 में समाप्त हुआ है। इसके बाद के सेशन में नामांकन करवाने वाले विद्यर्थियों की परीक्षा रांची विश्वविद्यालय लेगा। वहीं ऑटोनोमस सेशन के अंदर जिन विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है, उनकी परीक्षा संबंधित कॉलेज लेगा. अब रांची विश्वविद्यालय अपने अधीन आनेवाले इन कॉलेजों में परीक्षा संबंधित सारे कार्य की तैयारी कर रहा है।

**रांची विवि का नोटिस मिला है :** मारवाड़ी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ मनोज कुमार ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय की ओर से नोटिस आया है। 2022 सेशन में नामांकन कराने वाले विद्यार्थियों की परीक्षा अब रांची विश्वविद्यालय लेगा। जिन विद्यार्थियों का नामांकन ऑटोनोमस सेशन के अंदर हुआ है, उनकी परीक्षा मारवाड़ी कॉलेज लेगा। जब तक फिर से ऑटोनोमस नहीं मिलता, तब तक रांची विश्वविद्यालय ही परीक्षा का संचालन करेगा।

# महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर 5 घंटे का अखंड शिव नाम संकीर्त्तन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर उपवन एचईसी, धुर्वा में भगवान शिव की पूजा-अर्चना के साथ पाँच घंटे का अखंड शिव नाम संकीर्त्तन अष्टयाम समपन्न हुआ। साहब हरीन्द्रानन्द जी अपने शिवशिष्यों के साथ कहा की संकीर्तन प्रति वर्ष की भाँति चलता रहेगा। शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन के प्रवक्ता कन्हैया जी ने कहा कि आये हुए आगंतुकों और श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के उपरान्त खिचड़ी का प्रसाद सभी उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया।

### हटिया - टाटानगर पैसेंजर ट्रेन चार घंटे लेट से चलेगी



**रांची।** लिंक रैक के विलंब से चलने के कारण रांची रेल मंडल से चलने वाली ट्रेन संख्या 08196 हटिया- टाटानगर पैसेंजर ट्रेन के समय में बदलाव किया गया है। यह ट्रेन शनिवार को अपने निर्धारित समय 18:10 बजे के स्थान पर 4 घंटे 20 मिनट विलंब से 22:30 बजे हटिया से खुलेगी।

# महाशिवरात्रि पर श्री सालासर हनुमान मंदिर में भव्य पूजा व प्रसाद वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री सालासर हनुमान मंदिर भव्य रूप से सुसज्जित किया गया। इस दौरान पूरा अपर बाजार हर हर महादेव, बोल बम, ओम नमः शिवाय जैसे जयकारों से गुंजायमान रहा। लगभग ढाई माह से प्रत्येक शनिवार की भांति आज भी लगातार 10वें सप्ताह श्री सालासर हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं के बीच भोग का वितरण किया गया।

इस अवसर पर शिव चालीसा, आरती, शिवस्त्रोत का पाठ किया गया। शाम के समय भगवान आशुतोष की आरती उतारी गई। महाआरती में बाजार क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।विधिवत पूजन कर भोग वितरण किया गया। भोग वितरण के इस कार्यक्रम में धर्मचंद शर्मा, नाथमल शर्मा, राहुल शर्मा, कमल शर्मा, महेंद्र शर्मा, गुलाब शर्मा व मारवाडी ब्राम्हण सभा के अध्यक्ष रमेश शर्मा व अन्य सदस्यों ने अपना योगदान दिया।

### श्री श्याम मंदिर मेंभंडारा का आयोजन



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष 22- 23 के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 50 वां श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। साय काल मंदिर के पट खुलते ही मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं व गुरुजनों को श्री श्याम भंडारे की निर्मित प्रसाद का भोग अर्पित किया गया । मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में यजमानश्री टिब्रवाल परिवार ने भोग भजनों का गायन किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में मंदिर के श्री श्याम रसोई में भंडारे का प्रसाद निर्मित किया गया। तिब्रेवाल परिवार ने मंदिर के आचार्यों को श्री श्याम भंडारे का प्रसाद खिलाकर व भेंट प्रदान कर अपने परिवार के लिए खुशहाली का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच तिब्रेवाल परिवार ने भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया। 3000 से ज्यादा भक्तों ने भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया।

# विश्वविद्यालय की गरिमा और उत्साह का परिचायक बनें विद्यार्थी : डॉ टीके शांडिल्य

## डीएसपीएमयू के जंतु विज्ञान विभाग में फ्रेशर सह फेयरवेल कार्यक्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अपने उत्साह और विश्वविद्यालय की गरिमा का सामंजस्य ही इस प्रकार के आयोजन की सार्थकता है। उपरोक्त बातें डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कही। विश्वविद्यालय के जंतु विभाग के द्वारा आयोजित फ्रेशर सह विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद डीएसपीएमयू के वीसी ने कहा कि जो विद्यार्थी नए विद्यार्थियों का स्वागत कर रहे हैं या वे विद्यार्थी जो यहां से विदाई ले रहे हैं, उन दोनों में एक बात सामान्य होनी चाहिए। वह है विश्वविद्यालय की गरिमा और उसके अनुशासन को बनाए रखना।

उन्होंने कहा कि कौटिल्य ने अनुशासन को सफल जीवन का एक अनिवार्य मंत्र बताया है और हमें अपने व्यक्तित्व में इसे आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप विश्वविद्यालय की गरिमा का परिचायक बनें और विश्वविद्यालय आपके उत्साह का सहभागी। दोनों के सामंजस्य से विश्वविद्यालय उन्नति करें। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य, वित्त पदाधिकारी आनंद मिश्रा, जंतु विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ नमिता लाल, डॉ गणेश चंद्र बास्के, डॉ केएम खान, और डॉ सजलेंदु घोष द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का स्वागत और अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई। इस कार्यक्रम के दौरान कई आकर्षक प्रस्तुति विभाग के विद्यार्थियों के द्वारा दी गई। मिस्टर फ्रेशर संदीप मंडल और मिस फ्रेशर रेणु कुमारी बनी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग के विद्यार्थियों का योगदान रहा।

मौके पर वित्त पदाधिकारी आनंद मिश्रा, जंतु विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ नमिता लाल डॉ जीसी बास्के, डॉ केएम खान, डॉ सजलेंदू घोष सहित अन्य शिक्षक और विद्यार्थियों की मौजूदगी रही। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# यूजीसी नेट का एडमिट कार्ड जारी, पहले फेज में होगी 57 विषयों की परीक्षा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** यूजीसी नेट की परीक्षा 21 फरवरी से होनी है। इसे लेकर एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। बताते चलें कि यूजीसी नेट परीक्षा के पहले फेज में 57 विषयों की परीक्षा होगी। एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए अभ्यर्थियों को सबसे पहले वेबसाइट पर जाना है, जिसके बाद एप्लीकेशन नंबर और डेट ऑफ बर्थ डालना है।

ये डालते ही आपके स्क्रीन में एडमिट कार्ड आ जायेगा। इसके बाद डाउनलोड कर प्रिंट निकाल सकते है।

### यूजीसी नेट की परीक्षा 10 मार्च तक

बताते चलें कि यूजीसी नेट दिसंबर 2022 की परीक्षा है, जो 21 फरवरी से लिया जाएगा। यूजीसी नेट की परीक्षा 21 फरवरी से 10 मार्च तक लिया जाएगा। मालूम हो कि कोरोना काल के कारण यूजीसी परीक्षा के क्षेत्रों में उलटफेर हुआ है, जिसे सुधार करने के लिए इस वर्ष 3 परीक्षा ली जाएगी। ऐसे सामान्य तौर पर साल में दो बार ही परीक्षा होती है। पहले फेस की परीक्षा के लिए 17 जनवरी तक आवेदन किया गये थे। आवेदन के बाद ही परीक्षा की तिथियों की घोषणा कर दी गई थी।

# अगलगी पीड़ित नीतेश्वर को स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा संघ ने दिया आर्थिक सहयोग

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** कांके रोड डैम साइड में बीते दिनों नीतेश्वर शर्मा की दुकान में आग लग गयी थी। जिससे उनकी दुकान जलकर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी थी। स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा संघ ने इस पर संज्ञान लिया और नीतेश्वर शर्मा को आर्थिक मदद करते हुए 11,000 रुपये का योगदान दिया, जो कि उन्हें लौटाना नहीं है। साथ ही 24,000 रुपये का आर्थिक योगदान संगठन के कोष से दिया गया। यह राशि उन्हें धीरे-धीरे (2,000 प्रतिमाह) लौटायेंगे। इस पुण्य के कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष मनोज सिंह, महासचिव विकास चौधरी, कोषाध्यक्ष मनीष कुमार पांडेय, प्रवक्ता नरेंद्र पांडेय, संगठन मंत्री रजनीश राय, वरिष्ठ सदस्य जितेंद्र ठाकुर, सनोज कुमार, अखिलेश राय, कुंदन कुमार एवं जितेंद्र कुमार शामिल थे।

# उर्दू के सभी विद्वानों को सम्मान देने की है जरूरत : डॉ. सरवर साजिद

- डॉ कहकशां परवीन के सम्मान में सेमिनार, पुस्तक का विमोचन
- सेमिनार के तहत झारखंड में उर्दू एकेडमी के गठन की उठी मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** अंजुमन फोरोग ए उर्दू के तत्वावधान में शनिवार को मेन रोड स्थित होटल सरताज में राँची विवि उर्दू विभाग की पूर्व अध्यक्ष डॉ कहकशां परवीन के सम्मान में 'डॉ कहकशां परवीन का तखलीकी शऊर' के विषयक सेमिनार का आयोजन किया गया । दो सत्रों में संपन्न इस सेमिनार के प्रथम सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर अहमद सज्जाद ने की। जबकि संचालन डॉ मुर्शीद ने किया। प्रथम सत्र में डॉ मोकम्मल हुसैन द्वारा लिखी गई किताब 'डॉ कहकशां परवीन फिक्री व फन्नी जहात' का विमोचन किया गया। मौके पर डॉ मोकम्मल हुसैन ने डॉ कहकशां परवीन की जीवनी पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के व्याख्याता डॉ सरवर साजिद ने कहा कि आज उर्दू के बड़े-बड़े विद्वानों को लोग भूलते जाते हैं। इस बात पर जोर दिया कि उर्दू के सभी विद्वानों को आज सम्मान देने की आवश्यकता है, ताकि नई नस्ल उनकी खिदमात को जान सके। डॉ अहमद सज्जाद ने डॉ कहकशां परवीन की खिदमत को सराहा व डॉ मोकम्मल हुसैन की किताब की तारीफ की। उन्होंने कहा कि उर्दू के विकास के लिए आगे आने की जरूरत है। सभी लोग अपने अपने घरों में उर्दू अखबार एवं उर्दू रिसाले अवश्य खरीदें। डॉ कहकशां परवीन ने सम्मान के लिए अंजुमन फरोग ए उर्दू का शुक्रिया अदा किया और कहा कि उर्दू के विकास के लिए इस तरह के सेमिनार जरूरी है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में उर्दू के विद्वानों की कमी नहीं हैलेकिन आज वह विलुप्त होते जा रहे हैं। आशा है कि अंजुमन फरोग-ए-उर्दू ऐसे विद्वानों को सम्मानित एवं उर्दू के विकास में बढ़ेगा।

सेमिनार को गुलाम सरफराज पीआरओ झारखण्ड विधानसभा, डॉ मो अय्यूब, एचओडी उर्दू विभाग डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि, खुर्शीद परवेज सिद्दीकी, अबरार अहमद, डॉ जेबा एवं महफूज आलम ने भी संबोधित किया। अतिथियों ने कहा कि झारखंड में उर्दू अकैडमी नहीं होने के कारण उर्दू के विद्वानों को उचित मंच नहीं मिला रहा है और न ही उर्दू का विकास हो पा रहा है। सभी अतिथियों ने एक स्वर में राज्य सरकार से झारखण्ड में जल्द से जल्द उर्दू अकैडमी के गठन की माँग की। सेमिनार को कामयाब बनाने में अंजुमन फरोग उर्दू के अध्यक्ष मो इकबाल, डॉ गालिब नश्तर, डॉ शाहनवाज खान नमकीन,दानिश अयाज,गुलाम शाहिद, मो इमरान, डॉ अब्दुल बासित, शगुफ्ता बानो, गुलनाज परवीन, वसीम अकरम, राशीद जमाल, अब्दुल अहद सहित अंजुमन के अन्य सदस्यों ने अहम भूमिका निभायी।

# भूत-बैताल के साथ धूमधाम से निकली भोलेबाबा की बारात

## रातू में महाशिवरात्रि पर भंडारे में उमड़ी भीड़

**रातू।** प्रखंड में महाशिवरात्रि पर अनूठा माहौल रहा। चारों तरफ चहल-पहल देखा गया। जाड़ी, बानापीड़ी, कन्नोज, तारूप, फेटा, मलमाडु, उषामातु, आमटांड़, ब्रजपुर, बड़काटोली, महादेव टंगरा, लहना, काटू, मखमंदरो, पिर्रा, कमड़े व काठीटांड़ आदि मंदिरों में सुबह से शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। महिला व युवतियों ने भगवान शिव और माता पार्वती के दर्शन-पूजन कर मन्नतें मांगी। झखराटांड़ से शिवजी की भव्य बारात निकली। पावर स्टेशन स्थित मंदिर संचालन समिति के सदस्यों ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। विधायक नवीन जायसवाल बतौर अतिथि भंडारे में शामिल हुये। इधर पाली, पंडरा, लहना व आमटांड़ आदि स्थानों में भी भगवान शिव की बारात निकाली गयी। सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये थे। डीएसपी और थानेदार ने इसकी कमान संभाली। क्षेत्र में शांति बनी रही। अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। इधरए थाना परिसर में शिवरात्रि मनायी गयी। भजन-कीर्त्तन का दौर चला। रुद्राभिषेक में सब इंस्पेक्टर नीतीश कुमार यजमान बने। कार्यकम में डीएसपी प्रवीण सिंह व थानेदार सपन कुमार महथा ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।



ओरमांझी में शिव लिंग का जलाभिषेक व पूजा करते भक्तगण।

## शिवालयों में उमड़ी शिवभक्तों की भीड़

**ओरमांझी।** महाशिवरात्रि को लेकर शनिवार को क्षेत्र के शिवालयों में जलाभिषेक व पूजा करने के लिए भक्तों की भिड़ उमड़ पड़ी। क्षेत्र के सभी शिव मंदिर में सुबह से ही भक्तगण पूजा करने पहुंच रहे थें। विकास स्थित प्राचिन शिव मंदिर में विशेष रूप से भक्तों काफी भिड़ देखी गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि प्राचीन शिव मंदिर में आसपास क्षेत्र के पांच गांव के लोग यहां पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं। प्राचीन शिव मंदिर में पूजा का विशेष महत्व है।

## इटकी में शिवालयों में लगी रही भीड़

**इटकी।** महाशिवरात्रि पर इटकी क्षेत्र के शिवालयों में पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ दिन भर लगी रही। इटकी के मुख्य शिवालय, नया तालाब स्थित महाकाल शिव मंदिर, हरही स्थित गंगा जल शिव मंदिर व नारी स्थित महादेव टंगरा शिवालय में पूजा करने वालों का तांता दिन भर लगा रहा। मौके पर हरही में मेला लगा। मकुंदा में 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन व मुख्य बूढ़ा शिवालय में भजन-कीर्तन सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। महाशिवरात्रि के मौके पर पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल रहा। वहीं रात्रि में शिव बारात भी निकाली गई। कार्यक्रम में पंडित शत्रुघ्न पांडेय, मनोज महतो, दिवाकर शाही, रामसुंदर महतो, मैदान सिंह, अमित सहित अन्य शामिल थे।

## महादानी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु



**बेड़ो।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शनिवार को भगवान शिव की पूजा अर्चना व जलाभिषेक को लेकर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बेड़ो के प्रसिद्ध महादानी मंदिरए मुड़हर पहाड़ व हरिहरपुर जामटोली पहाड़ सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में लोगों ने व्रत रख कर आस्था पूर्वक भगवान शिव की पूजा व आराधना किया। वहीं श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया।इसके बाद अक्षतएचंदन व बिल्वपत्र आदि से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि और मनोवांछित फल की कामना किया। जहां प्रातरू काल से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर शिवालयों व शिवलिंग को आकर्षक ढंग से सजाया गया। मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन ही भगवान शिव व मां पार्वती का विवाह हुआ था। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। बेड़ो के महादानी मंदिर में महाशिवरात्रि को लेकर एक दिन पूर्व से ही तैयारी आरंभ कर दी थी। वहीं भगवान शिव पर जलाभिषेक करने के लिए लोगों को कतार लगाकर मंदिर में प्रवेश करवाया गया। मंदिर परिसर में भक्तों की काफी लंबी कतार देखी गई। महापर्व शिवरात्रि में प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में भक्तिमय माहौल बना रहा। वहीं लोगो ने परंपरागत तरीके से पर्व को मनाया। इस दौरान महादानी मंदिर समेत कई गांवों में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन व भंडारे का आयोजन किया गयाए साथ ही संध्या में ढोलए नगाड़े व गाजे .बाजे के साथ भगवान शिव की आकर्षक व भव्य बारात निकाली गई।

## स्पीड न्यूज

### मदरसा नुरुल उल्लुम का वार्षिकोत्सव आज

**रातू।** बिजुलिया स्थित मदरसा नुरुल उल्लुम में 19 फरवरी को वार्षिकोत्सव सह शैक्षणिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें राज्य के संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास तथा पंचायत राज मंत्री आलमगीर आलम खास मेहमान हैं। इसके अलावा समाज के कई विशिष्ट व्यक्ति भी भाग लेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 9 बजे होगी। समापन 3 बजे होगा। यह जानकारी मदरसा कमेटी के अध्यक्ष अनीसुर्रहमान ने शनिवार की शाम पत्रकारों को दी।

### सिमलिया से बाइक की चोरी

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के सिमलिया से अपराधियों ने अजमुल मंसुरी के पुत्र 31 वर्षीय जमील अख्तर का होंडा कंपनी की मोटरसाइकिल जेएच 01 इजेड 4264 की चोरी कर ली। दिन के 11 बजे बाइक को आंगन में खड़ी कर घर के अंदर गये। खाना खाने के बाद बाहर निकलेए तो गाड़ी को गायब पाकर उनके होश उड़ गये। घटना शनिवार दोपहर की है। काफी खोजबीन करने पर भी कोई पता नहीं चला। इससे विवश होकर वह थाने पहुंच अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### बेड़ोः मारुति मंगल धाम का दरवाजा उखाड़ ले गये चोर

**बेड़ो।** लापुंग प्रखंड के लतरातू पंचायत के अंबा टोली गांव स्थित मारुति मंगल धाम के चारदीवारी में लगे दरवाजा को अज्ञात लोगों द्वारा उखाड़ कर चोरी कर लिया गया है। रविवार को चारदीवारी में दरवाजा नहीं देख लोगों ने संस्था के पदाधिकारियों को सूचित किया। संस्था के अध्यक्ष विक्रम महतो ने बताया कि कुछ दिनों पहले भी हुनमान चबूतरा को भी तोड़ दिया था। विक्रम महतो का कहना है कि आये दिन हमारे मारुति मंगल धाम में अज्ञात लोगों द्वारा मारुति धाम में क्षति पहुंचाया जा रहा है।वही पुलिस एक भी वारदात का खुलासा नहीं कर पाई है। उन्होंने पुलिस से आरोपितों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### सोनाहातू में फुटबॉल टूर्नामेंट आज

**सोनाहातू।** प्रखंड स्थित थाना मैदान में रविवार को 10 वां चैम्पियंस ट्रॉफी एकदिवसीय फुटबाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में आठ टीमें भिड़ेंगी। विजेता टीम को नगद 1 लाख 11 हजार रुपए व ट्रॉफीए उपविजेता टीम को नगद 81 हजार रुपए व ट्रॉफी एवं तृतीय व चतुर्थ स्थान रखने वाले दोनों टीमों को क्रमशः 31-31 हजार रुपए व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि विधायक सुदेश महतो होंगे। मैच के एक ग्रुप में राज स्पोट्र्स बुंडू, पांच परगना हीरोज रांची, एफ सी तैमारा ए नेताजी स्पोर्टिंग खूंटी तथा बी ग्रुप में संदीप ब्रदर्स रांची, एल एम स्पॉटिंग खूंटी, एमएस स्पोटिंग लापुंग और आरएफसी सरायकेला खरसावां की टीम टूर्नामेंट खेलेगी।

### नीरज बने अनगड़ा पुलिस निरीक्षक



**अनगड़ा।** पुलिस इन्स्पेक्टर नीरज कुमार को अनगड़ा सिल्ली तथा मुरी का पुलिस निरीक्षक बनाया गया है। उन्होंने शनिवार को अनगड़ा थाना परिसर स्थित कार्यालय में योगदान दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था और अपराध नियंत्रण उनकी प्राथमिकता होगी।

### जनप्रतिनिधियों को किया गया सम्मानित

**राहे।** शिवरात्रि के अवसर में शिवटँगरा मंदिर परिसर में आयोजित मेला में सनराइज मसाला कंपनी के द्वारा राहे प्रखंड के जनप्रतिनिधियों मेला समिति के सदस्यों और पुजारियों को सम्मानित किये। इस दौरान कंपनी के द्वारा सभी अतिथियों को गिफ्ट दिया गया। कंपनी के समर अली ने कहा कि कंपनी जनप्रतिनिधियों के सेवा को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें सम्मानित किया है। यह आगे भी जारी रहेगा।

# धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो के जयघोष के साथ रूद्र महायज्ञ संपन्न

## भांटबोड़ेया में पांच दिनों तक चला रूद्र महायज्ञ

खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुरगांव।** धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो आदि गगनचुंबी जयघोषों के बीच शनिवार को बुढ़मू प्रखंड के भांटबोड़ेया गांव में आयोजित पांच दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ संपन्न हो गया। इससे पूर्व योगाचार्य पंडित रुद्र नाथ मिश्रा, नरेंद्र किशोर वैद्य, अविनाश मिश्रा, वरुण वैद्य तथा अमन वैद्य के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सभी अनुष्ठान यजमान कलेश्वर महतो सपत्नी ने संपन्न किया। यज्ञ के अंतिम दिन भक्ति जागरण का उद्घाटन विधायक समरीलाल, समाजसेवी अनिरुद्ध सिन्हा, मुखिया दशरथ उरांव ने किया। मौके पर विधायक ने कहा कि धर्म व आध्यात्म के रास्ते पर ही चलकर सद्गुणों की प्राप्ति संभव है। यज्ञ को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत गिरि, सचिव विजय महतो, कोषाध्यक्ष सुभाष पुरी, उमेश साहु, शिबु ठाकुर, उमेश महतो, रामेश्वर महतो, महावीर महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## बुंडू में निकली शिव जी की बारात

**बुंडू।** बुंडू में शिवरात्रि के शुभ अवसर पर शनिवार को विभिन्न शिवालयों में शिव भक्तों एवं श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शिवभक्त सुबह से ही स्नान आदि से निर्मित हो फल फूल एवं प्रसाद के साथ शिव शंभू के मंदिरों में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ को नारियल, धतूरा फूल, बेलपत्र से पूजा अर्चना कर जल एवं दूध से भगवान भोले शंकर और माता पार्वती को अभिषेक की।इधर शिवरात्रि पर पूजन.अर्चन के लिए माता-बहनों की शिवालयों में लम्बी कतारें देखी गयी। बुंडू थाना परिसर स्थित शिवालय, महावीर मंदिर डामारी, रानी चुआं, बड़ा तालाब मंदिर घाट, राधारानी मन्दिर परिसर आदि जगह स्थित शिवालयों में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। इस अवसर पर शिव बारात समिति बुंडू द्वारा शिव मंदिर कॉलेज रोड से धूमधाम से बारात निकाली गई बुंडू के मुख्य मार्ग एवं विभिन्न चौक चौराहों होते हुए गुजरी। बरात में शिव भक्त बाजे गाजे एवं डीजे की धुन पर भूत प्रेत आदि विभिन्न वेशभूषा ओं में नाचते-गाते चल रहे थे।

# महाशिवरात्रिः मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालुओं दी बकरे की बलि



खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू/राहे।** राहे प्रखंड में धूमधाम से महाशिवरात्रि पर्व को मनाया गया। सभी शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। श्रद्धालु कतारबद्ध होकर शिवलिंग पर जलाभिषेक किये। राहे प्रखंड के प्रसिद्ध शिवटँगरा शिव मंदिर, विसना बाबा मंदिर, सोलह आना समिति मंदिर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। सबसे अधिक भीड़ शिवटँगरा मन्दिर पुरानानगर. महेशपुर में रही। श्रद्धालुओं की मन्नत पूरी होने पर बकरे का बलि दिया। मेला में कई सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा भक्तों के लिए चना का वितरण किया गया। शाम में श्री हरि सत्संग मुंबई के द्वारा रामायण पाठ किया गया। रात में बंगाल के प्रसिद्ध छऊ नृत्य मंडली द्वारा नृत्य किया गया। आयोजन को लेकर समिति के सभी सदस्य सक्रिय रहे। इधर सोनाहातू प्रखंड के काला महादेव, नीलकंठ धाम जामुदाग, तारकेश्वर धाम लांदुपडीह, हारिन मंदिर, सतिघाट शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर विधि विधान से पूजा किया।

## एक नजर में

### दीपक सिंह ने एकनाथ शिंदे को दी बधाई



**रांची।** बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा पर चलने वाली शिवसेना, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना को चुनाव आयोग द्वारा नाम और चुनाव चिन्ह धनुष तीर कमान मिलने पर शिवसेना झारखंड के शिवसैनिकों में हर्ष व्याप्त है। वही मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना को चुनाव आयोग द्वारा धनुष तीर कमान मिलने पर शिवसेना के झारखंड प्रदेश प्रमुख दीपक सिंह ने कहा कि ये एकनाथ शिंदे की नहीं बल्कि ये सत्य की जीत हुई है। लोकशाही की जीत है। बाला साहेब के विचारों की जीत है और तमाम उन लोगों की जीत है जो बालासाहब ठाकरे के विचारों को आदर्श मानते है और उनके नक्शे कदम पर चल रहे हो। दीपक सिंह ने शिवसेना मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को चुनाव आयोग द्वारा नाम और चुनाव चिन्ह धनुष तीर कमान मिलने पर शुभकामनाएं दी है।

### मूनमून नमकिन फैक्ट्री में लगी आग



**ओरमांझी।** टुकुटोला विकास स्थित मूनमून नमकिन फैक्ट्री में शनिवार को आग लग गई। फैक्ट्री के ठीक सामने बूढ़ा महादेव मंदिर में पूजा कर रहे लोगों की नजर फैक्ट्री से उठते धुआं में पड़ी, जिसके बाद लोगों को फैक्ट्री में आगे लगने की जानकरी हुई। आग लगने की जानकारी मिलते ही काफी संख्या में स्थानीय लोगों जमा हो गए। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास भी की, लेकिन सफल नही हुए। बाद में सूचना मिलते ही ने मेसरा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे और झारखंड फायर सर्विस के अग्नि शमन वाहन की मदद से आग बुझाया जा सका। तबतक फैक्ट्री के अंदर के पैकेटिंग मशीन सहित लगभग 1.30 लाख के सामान जलकर राख हो गए। फैक्ट्री संचालक शाकिब अंसारी के अनुसार शॉर्ट सर्किट के कारण फैक्ट्री में आग लगी थी, और फैक्ट्री पिछले दो वर्ष से बंद था। जिस कारण कोई हताहत नहीं हुआ।

### महाशिवरात्रिः फागुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को हुआ था शिव-पार्वती का विवाह



**मांडर/चान्हो।** प्रखंड में शानिवार को महाशिव रात्रि का पर्व श्रद्धा पूर्ण तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर सभी शिवलिंग मंदिरों पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी हुई थी। बताते चले महाशिवरात्रि साल भर में एक बार मनाई जाती है। फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इसलिए इस पर्व को शिव और पार्वती के विवाह के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यानी महाशिवरात्रि साल में एक बार तो वहीं शिवरात्रि हर महीने मनाई जाती है। मांडर के तिगोई अंबाटोली स्थित गौरी शंकर मंदिरए चान्हो के जलेश्वर नाथ धाम में मेला लगाया जाता है। इस मौके पर सभी स्थानों पर बीजेपी नेता शनि टोप्पो शामिल हुए और सभी श्रद्धालुओं को धन्यवाद देते हुए कहाए की बाबा के भक्त लोग दूर.दूर से आते हैं और अपनी मनोकामना को बाबा के सामने रखते हैं। जिससे बाबा पूरी भी करते है।

### भोक्ता समाज ने चमरा लिंडा का पुतला फूंका



**अनगड़ा।** भोक्ता जाति को अनुसूचित जाति से अनुसूचित जन जाति में शामिल किए जाने का विरोध करने पर विधायक चमरा लिन्डा का भोक्ता समाज लोगों ने शनिवार को गोन्दली पोखर चौक मे पुतला दहन किया । इससे पूर्व भोक्ता समाज के केन्द्रीय संयोजक बीरेंद्र सिंह भोक्ता के नेतृत्व मे जुलूस के शक्ल में पदयात्रा करते हुए हाथ में तखती लिए नारा लगाते हुए गोंदली पोखर चौक स्थित शहीद निर्मल महतो के प्रतिमा तक गए और पुतला दहन किया। मौके पर अजय भोक्ता पंचम भोक्ता, तिवारी भोक्ता, जगदीश भोक्ता, शम्भुनाथ गंझू, धनेश्वर भोक्ता, चमरू भोक्ता मौजूद थे।

## तमाड़ पूर्वी को जल्द मिले प्रखंड का दर्जा

**तमाड़।** तमाड़ पूर्वी को प्रखंड बनाने को लेकर महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर चीरूडीह गांव में ईश्वर महतो की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से आजसू नेता रमेश कुमार मुंडा उपस्थित थे। आजसू नेता ने कहा की तमाड़ पूर्वी प्रखंड का निर्माण होना अति आवश्यक है आज भी क्षेत्र के जनता मूलभुत सुविधाओं से वंचित है यह सरकार की नाकामी प्रदर्शित करती है। आजसू नेता रमेश मुंडा ने सभी का आहवान किया कि आइए जागरूक होइए संगठित हो। अपना प्रखंड लेने का समय आ चुका है। पिछले सरकार ने कैबिनेट में 2012 में पास किया है और आज तक हमारे साथ छल कर रहा है।

# कोयलांचल में धूमधाम से निकली शिव बारात



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** महाशिवरात्रि को लेकर कोयलांचल क्षेत्र के शिवालयों में शनिवार को पूरे दिन शिव भक्तों का तांता लगा रहा। सुबह से देर रात तक क्षेत्र के अलग अलग शिव मन्दिर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम ए पूजा अनुष्ठान चलता रहा। क्षेत्र के चूरी, सुभाषनगर, केडीएच, डकरा, गायत्री शक्तिपीठ, मोहननगर, डकरा शिव मंदिर में सुबह से ही लोग कतार में पूजा अर्चना किए। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की। चूरी शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव बारात निकली गई। जिसमें बाराती के रुप में भूतए पिचाश सहित बानर सेना का रूप लिए श्रद्धालुओं नाचने गाते चूरी पहुंचे। स्थनीय लोगों ने बारात का स्वागत करते हुऐ विधि की औपचारिकता पूरी की । मन्दिर प्रांगण में शिव पार्वती का विवाह सम्पन्न हुआ। मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड कीर्तन व दीपमाला का अयोजन किया गया। एरिया के महाप्रबंधक संजय कुमार की धर्मपत्नी के साथ पूजा अर्चना की महाशिवरात्रि को अहले सुबह से पूरा कोयलांचल आस्था के डुबकी में डूबा रहा।

### मैक्लुस्कीगंज में महाशिवरात्रि की धूम

**मैक्लुस्कीगंज।** महाशिवरात्रि शनिवार को विशेष रूप से पूरी आस्था के साथ पूजन किया गया। मैक्लुस्कीगंज एवं आस पास के नावाडीह, हेसालौंग, लपरा, कोनका, जोभिया स्थित गुलमोहर शिवालय, दुल्ली, हरहु, केदल, निंद्रा, नौ नम्बर, वन कार्यालय सहित अन्य शिवालायों को आर्कषक ढंग से सजाया गया। वहीं चीनाटांड़ स्थित कलुवा पहाड़ पर पहाड़ी बाबा शिवालय पर विशेष आयोजन किया गया था। भोलेनाथ का जलाभिषेक व पूजन को लेकर सुबह से ही तांता लगा रहा।

## नजरुल चर्चा केंद्र और सीआइपी के बीच समझौता ज्ञापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कांके।** मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान के क्षेत्र में संगीत और ललित कलाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान सीआइपी और कृष्णापुर नजरूल चर्चा केंद्र कोलकाता ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। कृष्णपुर नजरुल चर्चा केंद्र देश विदेशों में विद्वानों के कार्यों और ललित कलाओं के विभिन्न रूपों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहा है। इस समझौता ज्ञापन का मूल उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूकता के विकास और सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए कला संगीत और ललित कला के अन्य प्रासंगिक रूपों के सहायक उपयोग को बढ़ाना है। और आम लोगों के साथ.साथ मनोवैज्ञानिक मुद्दों वाले लोगों में तंदुरूस्ती। कलाकारों और संगीतकारों के नेतृत्व में कला और स्वास्थ्य कार्यक्रम सहभागी कला कार्यक्रमों और दैनिक जीवन में कलात्मक भागीदारी के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकते हैं।

## ट्रैक्टर-कार की टक्कर में दंपति सहित चार घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर करांजी देवी मंडप के समीप शनिवार की रात करीब साढ़े आठ बजे ट्रैक्टर व आल्टो कार की आमने सामने टक्कर में दंपति सहित चार लोग घायल हो गए। वहीं घायलों में ट्रैक्टर सवार तेतर टोली बेड़ो निवासी एक युवक विकास तिर्की पिता बुदा उरांव व पंडरानी भरनो निवासी 13 वर्षीय सक्षम उरांव पिता चंद्रनाथ उरांव तथा ऑल्टो सवार दंपति 21 वर्षीय निशा देवी पति 22 वर्षीय अक्षांस तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों ने बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डा काजोल की देख रेख में इलाज किया गया। घायल अक्षांस तिवारी ने बताया कि वे अपने घर से बेड़ो सीएचसी आ रहे थे। वहीं ट्रैक्टर सवार बेड़ो से दिघिया गांव की ओर जा रहे थे। इसी बीच इनकी आमने-सामने की टक्कर हो गई।

# वार्षिकोत्सवः नृत्य-गीत से बच्चों ने मोह लिया मन

## बाघवार अकादमी का मना 17वां वर्षगांठ




खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** बाघवार अकादमी प्रांगण में शानिवार को विद्यालय की 17वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि थाना प्रभारी रंजय कुमार और विशिष्ट अतिथि के रूप में संत मेरी वियानी, सिस्टर सरोज एवं फादर अल्बर्ट उपस्थित हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों सहित विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार ए प्रधानाचार्य अरुण बाघवार एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बाघवार अकादमी के बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के गानों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। कई स्किट एवं ड्रामा का मंचन किया गया । समस्त कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों में अपने बच्चों के कार्यक्रम को लेकर जबरदस्त उत्साह नजर आया इन लोगों ने अपने शब्दों के जादू से सभी का भरपूर मनोरंजन कराया। विद्यालय के संगीत शिक्षक अमित सरकार के द्वारा प्रस्तुत सूफी कव्वाली दमादम मस्त कलंदर समा को बिल्कुल बांध दिया था। बलाइंड बच्चो ने भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। कार्यक्रम में स्वागत भाषण अशोक बाघवार एवम धन्यवाद अरुण बाघवार ने किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अजय उरांव एवं अंग्रेजी के शिक्षक मसी प्रकाश तथा कक्षा 9 के छात्राओं के द्वारा किया गया।

### कार्यक्रम में किया सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के अजय उरांव, हरे कृष्णा सिंह, वरुण सर, मर्सी प्रकाश सर, रानी कुमारी, संगीता एक्का, फरहत जहां, जोलेन सो, वीणा कुमारी, पिंकी कुमारी, सुमन कुमारी, जीविका टोप्पो, मीनाक्षी कुमारी एवं जूली विश्वकर्मा सहित विद्यालय के अन्य कर्मचारी गण का भरपूर सहयोग रहा।

## स्पीड न्यूज

### करमा प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन



कुजू। सीसीएल कुजू क्षेत्र के करमा परियोजना के खीराबेड़ा के एक रैयत परिवार के घर जो देव स्थल था उसको सीसीएल प्रबंधन ने बगैर सूचना दिये जेसीबी के माध्यम से हटा दिया। जिससे आक्रोशित रैयतों ने परियोजना प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विरोध जता रहे रैयतों ने कहा कि काशी करमाली, धीरज करमाली समेत अन्य कहना था कि खाता नंबर 33, प्लॉट नंबर 46, रकवा 21 डिसमिल व खाता नंबर 01, प्लॉट नंबर 22, 44 रकवा 75 डिसमिल रैयती भूमि जिसमें प्रबंधन ने सूचना दिए बगैर ब्लास्टिंग करने के साथ- साथ घर को गिरा दिया। मौके पर कांशी करमाली, धीरज करमाली, उमेश करमाली, विक्रम करमाली, प्रयाग करमाली समेत अन्य लोग शामिल थे।

### रामगढ़ छावनी में 30 अप्रैल को चुनाव

रामगढ़। रक्षा मंत्रालय ने 57 छावनी क्षेत्रों के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। रक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय सरकार छावनी अधिनियम 2006, (2006 का 41) धारा 15 की उपधारा (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 30 अप्रैल 2023 को देश के 57 छावनी बोर्डों का चुनाव संपन्न करवाने का निर्णय लिया है। जिसमें रामगढ़ छावनी बोर्ड भी शामिल है। रक्षा मंत्रालय द्वारा छावनी परिषद की तिथि निर्धारित कर देने के बाद अब रामगढ़ छावनी परिषद में भाग लेने के लिए सरगर्मी बढ़ जाएगी। संभावित प्रत्याशी इसको लेकर अब सक्रिय हो जाएंगे।

### युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

**रजरप्पा।** थाना क्षेत्र के जंगल में शनिवार को स्थानीय लोगों ने जंगल में एक व्यक्ति का शव देखा। जिसकी जानकारी उनके द्वारा पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है युवक के शव से बदबु आ रही थी। साथ ही जानवरों द्वारा शव को नोच दिया गया है।

### कृषि बिल जनविरोधी : संजीव साहू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड सरकार द्वारा लागू किया गया कृषि उत्पादन विधेयक पूरी तरह जनविरोधी और अव्यवहारिक फैसला है। उक्त बातें समाजसेवी संजीव साहू ने कहां। उन्होंने कहा इसके विसंगतियों को देखते हुए इस कानून को 2015 में ही सरकार द्वारा निरस्त कर दिया गया था। परंतु राज्य सरकार ने फिर से ये टैक्स लागू कर किसानों, व्यापारियों, उधोगपतियों के हितों के खिलाफ फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि टैक्स के लागू होने पर 2 प्रतिशत का अतिरिक्त भार सभी प्रकार के खाद्य पदार्थो पर बढ़ जायेगा।महंगाई की मार आम जनता पर पड़ेगा ही साथ ही राइस मिल, फ्लावर मिल, व्यापारी अन्य राज्यों के मिल व्यापारियों की तुलना में परिस्पर्धा से बाहर हो जायेगा और ऐसे उधोगो के बंद होने का फिर से खतरा मंडराने लगेगा।

### महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा



कुजू। पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री हनुमन्त प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ को लेकर शनिवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा से पूर्व सभी श्रद्धालु प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना पहुंचे। जहां आचार्य पालेश्वर पांडेय के नेतृत्व में उमाकांत पांडेय, धीरेन कुमार शास्त्री, पुरुषोत्तम कुमार पांडेय ने यजमान बने कामेश्वर साव, गणेश केसरी, भोला साव, लोकी साव, संजय साहू, चंदर केशरी, कलेश्वर भुइयाँ सपत्नीक को विधिवत पूजा अर्चना कराया गया। यज्ञ कमिटी अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने बताया कि 19 फरवरी को मंडप परिक्रमा एवं संध्या बेला में वाराणसी से आयी प्रवचनकर्ता अनुराधा चतुर्वेदी द्वारा प्रवचन किया जाएगा।

### बुढ़वा महादेव मंदिर में अखंड-पाठ शुरू



भुरकुंडा (रामगढ़)। महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रीश्री बुढ़वा महादेव मंदिर में दो दिवसीय महोत्सव के तहत शनिवार को पूजा-अर्चना के साथ 24 घंटे के अखंड-पाठ का शुभारंभ हुआ। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि बरका-सयाल के जीएम अजय कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक ने पूजा-अर्चना कर की। इस दौरान हरे राम हरे कृष्ण के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। मौके पर पूजा समिति के लोगों ने बताया कि रविवार को हवन पुणाहुति के साथ अखंड-पाठ का समापन होगा। इस दौरान भव्य भंडारे का भी आयोजन होगा। जिसमें सैंकड़ो श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में कमेटी चैयरमेन गणेश साव, उपाध्यक्ष किशुन नायक, सचिव लालमोहन यादव, कोषाध्यक्ष रूदल राउत, सहसचिव डब्लू पांडेय, सह कोषाध्यक्ष नागेंद्र राम, सौंदा डी मुखिया उपेंद्र शर्मा, पुजारी अशोक तिवारी, प्रमोद सिंह, सुनील बैठा, मो. इसलाम, जीतन साव, गणेश मंडल, बबलू यादव आदि सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### हस्तकला और विज्ञान-प्रदर्शनी



भुरकुंडा (रामगढ़)। पटेलनगर भुरकुंडा स्थित पावन क्रूस स्कल में शनिवार को हस्तकला एवं विज्ञान-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार के मॉडलो व एक से बढ़कर एक नायाब कृतियों का शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अवलोकन इसका जमकर सराहना की। मौके पर विद्यालय के सचिव सी. एग्नेस बेक, प्रधानाध्यापिका सिस्टर सुमंती ने सभी विद्यार्थियों को सुंदर कृतियों के लिए बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्रों में बच्चों का अव्वल बनाना विद्यालय का उद्देश्य है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनो से बच्चो की छुपी प्रतिभा निखरती है। विद्यार्थियों को सहयोग क्रिस्टीना, सोसन, सेलिन, रजनी, कंचन, आशा, गीता, निर्मला, कमला, सेलेस्टीना आदि ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक सुधीर, खेल प्रशिक्षक मो. कमरुद्दीन, रजनी सिन्हा, रेणु, संगीता सहित विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

# चरही में धड़ल्ले से कोयला तस्करी जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

चरही (हजारीबाग)। पुलिस व प्रशासन के कार्रवाई के बावजूद भी कोयला तस्करों के हौसले बुलंद हैं। गुप-चुप तरीके से व्यापक पैमाने पर क्षेत्र में कोयला तस्करी जारी है। कोयला और बालू तथा अन्य खनिज संपदाओं पर तस्करी को रोकने के लिए हजारीबाग उपायुक्त के द्वारा टास्क फोर्स का गठन किया गया है। अधिकारियों ने कई जगहों पर छापेमारी कर कई ट्रक और कोयले को बरामद भी कर चुकी है। इसके बावजूद भी तस्करी जारी है। नाम नहीं छापे जाने के शर्त पर एक कोयला तस्कर ने बताया कि यह धंधा ऊपर के अधिकारियों और राज्य नेताओं की मिलीभगत भगत से यह धंधा फलफूल रहा है। जिस कारण यह कारोबार बदस्तूर जारी है। इस तस्करी के लिए एक मुस्त मोटी रकम प्रतिमाह पहुंचाई जाती है।इतना ही नहीं कई प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों को भी कोयला तस्कर राशि पहुंचाने का काम कर रहे हैं।जिस

**उग्रवादी संगठन भी लेवी वसूली के लिए क्षेत्र में सक्रिय हो गए हैं**

कारण तस्करी करने वाले लोगों का हौसला बुलंद हो गया है। जब से तस्करी शुरू हुआ है।तब से कई प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भी लेवी वसूली के लिए क्षेत्र में सक्रिय हो गए हैं।सूत्र बताते हैं कि बीते के सप्ताह पूर्व संगठन के दस्तों ने कुछ कोयला तस्कर को लेवी नहीं दिये जाने के कारण चरही ओवरब्रिज के समीप रात को एक होटल में बुलाकर जमकर पिटाई किया।तस्कर ने तत्काल लेवी के रकम को दिया।संगठन के दस्तों ने रकम लेकर चलते बने। तस्करों को यह भी चेतावनी देते गए कि निर्धारित समय पर ही रकम मिलनी चाहिए। अन्यथा अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें। इसकी जानकारी चरही पुलिस को भनक तक नहीं लगने दिया गया। क्षेत्र में व्यवसाय के लिए निर्माण किये गए सैकड़ों बंगले ईंट भट्ठों पर भी दस्तों का पैनी नजर है। उस पर भी धावा बोल की तैयारी में लगे हुए हैं।क्षेत्र में उग्रवादी संगठनों के दस्तक से भयभीत हैं।



**इन जगहों पर हो रही है तस्करी:** सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के तापीन साउथ,तापीन नार्थ, ब्लॉक नंबर 23,41, 42, 44, परेज, दुरू,कसमार,झारखंड, केदला,लाइयो और बसंतपुर वन सीमा क्षेत्र के कोतरे, चुटवा नदी, सेहदा, चपरी, जोराकाठ, शहर खेत, काठीटांड़ गोंदलपूरा, रंगूबेडा, नुनियांबड़ा,जोजोबेड़ा,भूत बंगला, बोकारो नदी आदि से मजदूरों के द्वारा कोयले को अवैध खनन कर तस्कर ट्रैक्टर,टर्बो औ? अन्य वाहनों के द्वारा कोयले को निर्जन स्थानों पर ले जाकर जमा किया जाता है।जहां पर ट्रकों में लोडकर कोयले को बाहर के कोल मंडियों में भेजा जा रहा है।

**इन बंगले ईंट भट्ठों में होती है आपूर्ति :** चुरचू प्रखंड के चरही, चनारो, भेलवाटांड़ ,पारबाद, बहेरा, इंद्रा, जरबा, बासाडीह, हेंदेगढा, हरहद, करमाबेड़ा, कजरी, सलयाटांड़, चुरचू, आंगो, इतना ही नहीं बासाडीह,बहेरा में बने सॉफ्ट कोक फैक्ट्री सहित कई क्षेत्रों में कोयले की आपूर्ति दर्जनों वाहनों के द्वारा किया जा रहा है।इस कार्य में दर्जनों ट्रैक्टर, टर्बो और कई चार पहिये वाहन लगे हुए हैं।सूत्रों का कहना कि पूरे प्रखंड क्षेत्र से प्रतिदिन 20 से 25 ट्रक रात के अंधेरे में गुपचुप तरीके से निकाले जा रहे हैं।इसकी भनक प्रशासन तक को नहीं है।

## सांसद आदित्य साहू ने रामगढ़ में चाय पर चर्चा की, कहा

# विकास के लिए एनडीए उम्मीदवार को जितायें

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अनमोल सिंह के आवास पर शनिवार को चाय पर चर्चा में भाजपा के वरिष्ठ नेता सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू शामिल हुए। श्री साहू ने कहा की पिछले तीन सालों से रामगढ़ के विकास का पहिया थम चुका है। राज्य में ट्रांसफर पोस्टिंग और खनिज तस्करी का चरम पर है। उन्होंने कहा की आज सत्ता सुख भोगने वाली महागठबंधन की सरकार ने चुनाव के समय युवाओं से रोजगार सहित बेरोजगारी भत्ता देने के वायदे कर सत्ता हासिल किया । पर युवाओं को रोजगार देने के बजाय स्पेशल फोर्स और सहिया दीदियों का रोजगार छीन लिया। झारखंड के गरीब जनता और किसानों से पेट्रोल कूपन के माध्यम से पच्चीस रुपए का सब्सिडी देने का वायदा कर ठगा और आज तक किसी को एक रुपया नहीं मिला। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास लिए एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को विजय बनाने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता,छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अनमोल सिंह,मंत्री वसुध तिवारी, सत्यजीत चौधरी, प्रो. संजय सिंह,विजय जायसवाल,रोबिन गुप्ता, रविंद्र शर्मा,विजय पाठक,दीपक सोनकर, धीरज साहू आदि मौजूद थे।

## शिव बारात में शामिल हुए पूर्व विधायक मनोज यादव



**बरही।** महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं ने झांकी के साथ शिव बारात निकाली।झांकियां आकर्षण का केंद्रबिंदु बनी रहीं। इस दौरान हर-हर महादेव के उद्घोष से पूरा बरही वातावरण शिवमय हो गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर बारात का स्वागत किया। प्रखंड परिसर स्थित शिव मंदिर से शिव बारात निकालकर बरही चौक होते हुए पटना रोड, गया रोड, हजारीबाग रोड व धनबाद रोड से पुनः मंदिर परिसर पहुंची। जहां मंदिर के पुजारी अनुज शर्मा उर्फ छोटू पंडित के नेतृत्व में काफी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए। शिव बारात में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। मनोज यादव ने प्रखंड मैदान में अवस्थित प्राचीन शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर माथा टेका और भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र और क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान शिव मंदिर में पूरे विधि विधान के साथ शिव-पार्वती की शादी की रस्म अदा की गई।

# मतदान केंद्रों का निरीक्षण करें बीडीओ व सीओ : डीसी



**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक हुई। उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सर्वप्रथम सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में पड़ने वाले मतदान केंद्रों व क्लस्टर पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी के तहत उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को उपचुनाव को लेकर नियमित रूप से क्लस्टर/मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने एवं हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया । क्लस्टर व मतदान केंद्रों पर सभी तरह के आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया। उन्होंने नगर प्रबंधक नगर परिषद रामगढ़ को प्रखंड विकास पदाधिकारी रामगढ़ के साथ समन्वय कर नगर परिषद क्षेत्रों में पड़ने वाले मतदान केंद्रों पर आवश्यकतानुसार मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिया। स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने के मद्देनजर फ्लाइंग स्क्वायड दल के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उन्होंने दलवार अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की। मौके पर उन्होंने किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया । साथ ही उन्होंने ऐप के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधित मामलों पर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## ग्रामीणों क्षेत्रों में धूमधाम से मना महाशिवरात्रि



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर और बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को महाशिवरात्रि का पर्व पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही क्षेत्र के शिवालयों में भगवान षिव की पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हुए पूजा-अर्चना कर अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के दौरान ओम नमः शिवाय, हर हर महादेव, बोल बम सहित अन्य अराध्य देवी देवताओं के गगनभेदी उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इधर कई जगह भगवान शिव की बारात निकाली गई। बारात में श्रद्धालु नंदी, भूत-प्रेत, राक्षस सहित अन्य भगवान शिव बारात में शामिल होने वालों का वेश भूषा धरे हुए थे। महाशिरात्रि पर्व को लेकर जगह जगह अखंड हरि-कीर्तन और भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया। शिवालयों को आकर्षक रंग रोगन और विद्युत सज्जा से सजाया गया था। कोयलांचल भुरकुंडा, पटेलनगर, सुंदरनगर, जवाहरनगर, हॉस्पीटल कॉलोनी, शिवनगर, रीवर साईड, सौन्दा डी, सेन्ट्रल सौन्दा, सीसीएल सौन्दा, सौन्दा बस्ती, रेलवे साइडिंग टिपला, भदानीनगर, महुआटोला, चिकोर, लपंगा, देवरिया, लादी, मतकमा, पाली, सुदी, सांकी, अरमादाग, कुरसे, बासल के बलकुदरा, गेगदा, रसदा, लबगा, हरिहरपुर, लेम, बीचा, जराद सहित अन्य शिवालयों में शिवरात्रि का पर्व मनाया गया।

# जायकारों से गूंजा भुरकुंडा व कोयलांचल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

## गाजे-बाजे के साथ निकली भगवान शिव की बारात



श्रद्धालुओं को संबोधित करते जीएम अजय सिंह।

भुरकुंडा (रामगढ़)। महाशिवरात्रि के अवसर पर शनिवार को भुरकुंडा हॉस्पीटल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में विशेष पूजा का आयोजन हुआ। पूजा में बतौर मुख्य अतिथि बरका-सयाल जीएम अजय कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि पतरातू बीडीओ हलधर सेठी शामिल हुए। अजय सिंह व हलधर सेठी में भगवान शिव के समक्ष मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात गाजे-बाजे और भगवा झंडे के साथ धुमधाम से भगवान शिव की बारात निकाली गई। बारात में श्रद्धालु भगवान शिव, नंदी, भूत प्रेत, राक्षस सहित अन्य का वेशभूषा धारण किये हुये थे। बारात हॉस्पीटल कॉलोनी शिव मंदिर से गाजे बाजे के साथ निकलकर भुरकुंडा बाजार, सौंदा डी सहित अन्य मार्गो का भ्रमण किया। इस दौरान श्रद्धालु शिव भक्त नाचते झुमते नजर आयें। बारात मे हर हर महादेव, जय भोलेनाथ सहित अन्य उद्घोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। शिव बारात में बरका-सयाल जीएम अजय कुमार सिंह, बीडीओ हलधर सेठी, बरका-सयाल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एचके सिंह, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, एसआई अक्षय कुमार, एसआई मयंक प्रसाद, सआनि पूरन सिंह, मुखिया अजय पासवान व राम नारायण कुमार, संजय मिश्रा, प्राचार्य, विजयंत कुमार, पूर्व मुखिया सुभाष दास उर्फ काला बाबू, पंसस दीपक भुंइया, विक्रम पूर्णेन्दु,योगेश दांगी, सतीश मोहन मिश्रा, जगतार सिंह, जयप्रकाश सहित दर्जनों श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। पूजा समिति द्वारा अतिथियों सहित दुगार्वाहिनी सेना की अनामिका श्रीवास्तव, अंजू ठाकुर व उनके सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। पूजा समिति के लोगों ने बताया कि रविवार की संध्या सात बजे से जागरण होगा। वहीं सोमवार को भव्य भंडारा होगा। पूजा को संपन्न कराने में अध्यक्ष नित्यानंद पाठक, सचिव विजय कुमार, रमेश कुमार, अभिषेक सोनी, सुधीर दुबे, बसंत, विशाल कुमार, विजय पासवान, सूरज, अमित पासवान आदि सक्रिय हैं।

## एक नजर में

### सदर विधायक ने सढ़वा महादेव में टेका माथा क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की



कटकमसांडी। महाशिवरात्रि के अवसर पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत लुपुंग ग्राम में अवस्थित प्राचीन शिव मंदिर सढ़वा महादेव में पूजा-अर्चना कर माथा टेका और भगवान भोलेनाथ से क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। फिर लुपुंग के ग्रामीणों संग शिव बारात में शामिल हुए। विधायक यहां ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंग- वस्त्र ओढ़ाकर और फूल माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक ने बताया कि सढ़वा महादेव मंदिर अद्भुत और प्राचीन है। मान्यता है कि यहां का दो शिवलिंग आपरूपी प्रकट हुए हैं। यहां कुल तीन शिवलिंग हैं जिसमें एक की स्थापना ग्रामीणों ने की है।इसके अतिरिक्त नंदी महाराज की भी यहां भव्य प्रतिमा स्थापित है। क्षेत्र के लोगों के लिए यह आस्था का केंद्र है और यहां मांगे हुए मन्नते जरूर पूरी होती है। उल्लेखनीय है कि इस प्राचीन मंदिर के विकास के लिए विधायक ने मंदिर जीर्णोद्धार में 100 बोरा सीमेंट दिया था, मंदिर के बगल में पुल का निर्माण कराया जा रहा है एवं पथ निर्माण के साथ मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण की भी बात कही ।

### टाटीझरिया में धूमधाम से मना महाशिवरात्रि



**टाटीझरिया।** झरपो भराजो खैरा डहारभंगा टाटीझरिया बैडम डूमर धर्मपुर पंचायत के विभिन्न गांवों में शिवालयों को बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया गया। शिव मंदिरों में पुजारी श्रधालुओ द्वारा श्रद्धा युक्त भक्ति भाव के साथ पूजन अर्चना आरती किया गया। वही बता दे कि डहारभंगा पंचायत के केषडा गांव निवासी ईश्वर राम के मकान प्रांगण में बने शिवालय में आचार्य धर्मेंद्र शास्त्री ,सत्यानन्द मिश्रा ,संदीप शास्त्री के द्वारा वैदिक मंत्रोउच्चारन कर विधिवत पूजा अर्चना करवाया गया। पूजा कर रहे श्रद्धालु महिलाओ ने कहा कि इसी फाल्गुन महीने के कृष्णपक्ष त्रयोदशी तिथि को भगवान शिव जी माता पावर्ती की विवाह हुआ था ।जिसका वेद शास्त्र के विशेषज्ञों द्वारा शिवमहापुराण ग्रंथ में उल्लेख किया गया। इसी उपलक्ष्य में वार्षिकोत्सव के रूप में महाशिवरात्रि पर्व रूप में मनाते हैं। जो भी महिला पुरुष इस व्रत को भक्ति युक्त हो कर करेंगे उनकी भगवान शिव माता पार्वती की कृपा से सभी प्रकार मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

### बच्ची ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बरही। पड़रिया निवासी 15 वर्षीय बच्ची ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जिसका अंतिम संस्कार पोस्टमार्टम के बाद देर शाम की गई। मृतिका की मां जितनी देवी पति गोविंद प्रसाद ने बरकट्ठा थाना अंतर्गत गयापहाड़ी निवासी सुधांसु कुमार पिता शेखर सुमन पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए बरही थाना में आवेदन दी है। जिसमें पीड़िता ने युवक पर आरोप लगाया कि उक्त युवक द्वारा कई दिनों से परेशान किया जा रहा था, युवक उनकी बेटी को लगातार धमकी देता था कि मैं जैसे जैसे बोलता हूं, करो, अन्यथा तुम्हारा अश्लील तस्वीर वायरल कर दूंगा। जिससे परेशान होकर उनकी बेटी ने फांसी लगाकर अपना जीवन समाप्त कर ली। पीड़ित परिवार ने पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार से युवक के विरुद्ध कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई करने का मांग किया है।

### चरही में धूमधाम के साथ मनाया शिवरात्रि

**चरही।** चरही तथा कोयलांचल में शिवरात्रि का महान पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया।इस अवसर पर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना पंडितों के द्वारा विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ किया गया।महिला पुरूष श्रद्धालुओं ने निर्जला उपवास कर विभिन्न शिवालय में पहुंचकर भगवान शिव की पूजा किया।इसके उपरांत फल,गाजा,भांग,धदुरे का फल और पुष्प को अर्पित किया।साथ ही उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। शाम को चरही के शिव मंदिर, बाजारटांड़ और थाना में परिसर में दरिद्र नारायण भोज का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के बाद शिव की बरात निकाली गई।इस बरात में कई तरह के नकाब पोश से सुसज्जित भूत प्रेत बने लोगों ने बरात में नृत्य करते हुए शामिल हुए।इस तरह से महाशिवरात्रि के पर्व को सम्पन्न किया गया।यात्रा को संपन्न होने के बाद कीर्त्तन किया गया गया।

### पुलिस ने बोलेरो और पिकअप को किया बरामद

दारू।एनएच 100 के किनारे आशीष टेंट हाउस के सामने से टेंट हाउस के समान लदे पिकअप वाहन की चोरी हो गई। वाहन चोरी की जानकारी वाहन मालिक को शनिवार की सुबह तब पता चली जब सुबह आठ बजे उनका ध्यान वाहन की तरफ गया और उसे वहां खड़े नही पाया। चोरी की जानकारी दारू थाना प्रभारी अमित कुमार को दी। दारू के तेजतर्रार थाना प्रभारी अमित कुमार ने त्वरित करवाई करते हुए आसपास के टाटीझरिया,इचाक और मुफ्फसिल थाना को सूचित किया और अपनी सूझबूझ से घटना के आठ घंटे के अंदर वाहन को बरामद करने में सफलता प्राप्त किया। चोरी के बारे में वाहन के मालिक दिनेश चंद्र चौरसिया ने बताया कि उन्होंने अपने टेंट हाउस के बाहर वाहन को खड़ा कर दिया था। वाहन में बांस, टेबल, कुर्सी, बर्तन , गद्दा आदि लदे थे चोरों ने सामान सहित वाहन की चोरी कर ली थी। थाना प्रभारी को जानकारी मिली कि चोरी गया वाहन टाटीझरिया थाना क्षेत्र के बन्हा में खड़ा है जिसके बाद टाटीझरिया थाना पुलिस के साथ दारू थाना प्रभारी ने जाकर वाहन को बरामद कर लिया।

### डीलर संघ के अध्यक्ष बने सत्येंद्र गुप्ता



बड़कागांव। बड़कागांव में डीलर संघ चुनाव की जिम्मेवारी हजारीबाग डीलर संघ के अध्यक्ष नंदू प्रकाश, सचिव अनिल कुमार सिंह, सदस्य अरुण कुमार ,दिलीप पासवान एवं गूजुन की देखरेख में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया । इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार सत्येंद्र कुमार गुप्ता एवं रामेश्वर राम, सचिव पद के लिए बालेश्वर महतो एवं शशि भूषण कुमार तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए डेगनी देवी एवं जयप्रकाश राम ने नामांकन किया था। उपाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध नरेश बेदिया को चुना गया। चुनाव में कुल 122 डीलरों मे से 101 डीलरों ने मत का प्रयोग किया जिसमें अध्यक्ष पद के विजेता उम्मीदवार सत्येंद्र कुमार गुप्ता को 95 मत प्राप्त हुए जबकि उपविजेता रामेश्वर राम को 06 मत प्राप्त हुए,सचिव पद के बालेश्वर महतो को 55 मत जबकि उपविजेता शशि भूषण कुमार को 46 मत प्राप्त हुआ। कोषाध्यक्ष पद के डेगनी देवी को 88 मत जबकि उपविजेता जयप्रकाश राम को13 मत प्राप्त हुआ ।सत्येंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि बड़कागांव डीलर संघ ने जो हमें जिम्मेदारी दी है उसका मैं ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने का प्रयास करूंगा।

